दिन– मंगलवार दिनांक– 15 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन और इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे।

02. राज्य सरकार प्रदेश में डाल्फिन के संरक्षण के लिए मानव बल की बहाली करेगी।

03. प्रदेश में सुदूरवर्ती इलाकों के युवाओं को रोजगार देने के लिए नवादा, मधुबनी और सुपौल समेत नौ जिलों में अठारह से उनतीस अक्टूबर तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

04. और, प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के शिक्षक किसी अन्य कार्य के लिये नहीं होंगे प्रतिनियुक्त। शिक्षा विभाग ने जारी किये दिशा– निर्देश।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र डिजिटल प्रौद्योगिकी एजेंसी के अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के मानक कार्य का शासी सम्मेलन है। इसका आयोजन प्रत्येक चार वर्षों में किया जाता है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————

प्रदेश में डाल्फिन के संरक्षण के लिए मानव बल की बहाली की जायेगी। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य में भागलपुर, डाल्फिन सेंचुरी में पर्याप्त डाल्फिन मौजूद हैं। इनके संरक्षण के लिए मानव बल बहाली की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि पटना में राष्ट्रीय डाल्फिन अनुसंधान केन्द्र में उपकरण भी जल्द ही उपलब्ध कराये जायेंगे। साथ ही श्री कुमार ने बाढ़ प्रभावित किसानों की फसलों की क्षति का आकलन करने और मुआवजा समय पर देने का निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

श्रम संसाधन विभाग की ओर से प्रदेश के नौ जिलों में अठारह अक्टूबर से उनतीस अक्टूबर तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। विभगीय सचिव दीपक आनंद ने बताया कि निदेशालय नियोजन और प्रशिक्षण की पहल से आयोजित होने

वाले इस मेले का मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस मेले में तकनीकी और गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा अलग–अलग स्टॉल लगाकर युवाओं को मार्ग दर्शन दिया जायेगा। यह मेला अलग–अलग तिथियों पर नवादा, खगड़िया, बेगूसराय, नालंदा, शेखुपरा, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और सुपौल जिले में आयोजित होगा।

———————————————————————————

प्रदेश के नगर निकायों में स्ट्रीट लाईट लगाने और उसके रख–रखाव का अधिकार निगर निकायों को दिया जायेगा। नगर विकास और आवास विभाग ने इस संबंध में नगर निगम के आयुक्त और नगर परिषद तथा नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र भेज कर दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इसके अनुसार ईईएसएल के दावों के निपटारे के बाद नगर निकाय अपने स्तर पर नई स्ट्रीट लाईट लगा सकेंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने भारत सरकार की एजेंसी ईईएसएल के साथ किये गये समझौते की अवधि दिसम्बर महीने में खत्म होने के बाद निकायों को इसकी जिम्मेवारी सौंपने का निर्णय लिया है।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री और लोजपा, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें देशभर के लिए जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। इससे पहले उन्हें यह सुरक्षा फिर बिहार के लिए दी गयी थी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश कुमार भट्ट ने यह जानकारी दी।

———————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में कल से अन्तर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के तहत चांसलर ट्राफी का आयोजन किया जायेगा। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। उन्नीस अक्टूबर तक चलने वली इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतियोगिता की थीम लाईन – शक्ति और साहस का प्रदर्शन है।

———————————————————————————

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश भर में इथेनॉल जैव ईंधन के चार सौ पंप स्थापित किए जा रहे हैं। श्री गडकरी ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के जैव ऊर्जा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि तीन ऑटोमोबाइल कंपनियां जल्द ही फ्लेक्स–इंजन वाले वाहन बाजार में

लाएंगी। श्री गडकरी ने सीएनजी, इथेनॉल और मीथेन जैसे जैव ईंधन के लिए अपशिष्ट पृथक्करण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

———बाईट———

बायो फ्यूल का उपयोग करके हमारे देश के एग्रीकल्चर ग्रोथ रेट को भी बढ़ा सकते हैं और किसानों को भी समृद्ध संपन्न कर सकते हैं अभी जैसे एथेनॉल हम शुगर केन जूस से बनाते हैं बी है। वी मोलाईसिस जो है 7ः जो आता है उससे बनाते हैं और उसके बाद फूड ग्रेन से भी बना सकते हैं ब्रोकन राइस से कॉर्न से भी बना रहे हैं।

————————————————————————————

प्रदेश के बीस लाख बच्चों का आधार कार्ड दिसम्बर महीने के अन्त तक बना दिया जायेगा। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए डाक विभाग ने प्रदेश में आधार कार्ड केन्द्र की संख्या बढ़ा दी है। राज्य में पहले सात सौ आधार केन्द्र थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर तीन हजार से अधिक हो गयी है। डाक विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीस सितम्बर तक आठ लाख बच्चों का आधार कार्ड बन चुका है। इसी सफलता को देखते हुये विभाग ने निर्धारित लक्ष्य दस से बढ़ाकर बीस लाख कर दिया है।

————————————————————————————

प्रदेश के दो सौ छत्तीस बालू घाटों पर कल से बालू खनन और बिक्री की प्रक्रिया शुरू हो रही है। वर्तमान में एनजीटी के निर्देश के अनुसार पन्द्रह जून से आज तक बालू खनन पर रोक है। इस बार बालू खनन की निगरानी ड्रोन के जरिये की जायेगी। इससे अवैध खनन रोकने में मदद मिलेगी।

————————————————————————————

प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों को किसी अन्य कार्य के लिये प्रतिनियुक्त नहीं किया जायेगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों के अनुसार अत्यंत आवश्यक होने पर केवल तीन महीने के लिए जिला स्तरीय स्थापना समिति के माध्यम से प्रतिनियुक्ति की जायेगी। प्रतिनियुक्ति का फैसला स्थानांतरण के साथ ही किया जायेगा।

————————————————————————————

दुर्गा पूजा और दशहरा का उत्सव खत्म होने के बाद प्रदेशभर में दीपावली और छठ की तैयारी शुरू हो गयी है। विभिन्न नदियों और तलाबों की साफ–सफाई का काम स्थानीय प्रशासन की ओर से शुरू कर दिया गया है। पटना जिला प्रशासन छठ महापर्व को लेकर तैयारियों में जुट गया है। जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह की ओर से जारी निर्देश के अनुसार छठ को लेकर छह कोषांग गठित किये गये हैं। डीडीसी समीर सौरभ को कोषांग का वरीय नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। एक सौ नौ घाटों की साफ–सफाई के लिए इक्कीस सेक्टर बनाये

गये है और अधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। जिला प्रशासन ने अठारह अक्टूबर तक खतरनाक घाटों की रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही दीपावली को लेकर होने वाली साफ–सफाई के लिए भी दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं।

————————————————————————————

दीपावली और छठ को लेकर रेलवे ने पटना और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत स्पेशल और तेजस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। वंदे भारत स्पेशल ट्रेन का परिचालन तीस अक्टूबर, एक नवंबर, तीन नवंबर और छह नवंबर को नई दिल्ली से होगा। वहीं, वापसी में यह ट्रेन इकतीस अक्टूबर, दो नवंबर, चार नवंबर और सात नवंबर को नई दिल्ली के लिए रवाना होगी। तेजस स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिल्ली से इकतीस अक्टूबर, दो नवंबर तथा पाँच नवंबर को किया जायेगा। वापसी में यह ट्रेन पटना से तीस अक्टूबर, एक नवंबर, तीन नवंबर और छह नवंबर को दिल्ली के लिए रवाना होगी। इसके अलावा एक अन्य ट्रेन का परिचालन भी दिल्ली से पटना के बीच होगा। साथ ही नई दिल्ली से बरौनी और नई दिल्ली से जयनगर के बीच भी पूजा स्पेशल रेलगाड़ियाँ चलाई जाएगी।

————————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान छब्बीस जिलों के अधिकतम तापमान में कमी आई है। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आने के साथ ही यह तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस अवधि में चौंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बेगूसराय सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग के अनुसार बादलों के हटते ही तापमान में और कमी महसूस होगी।

————————————————————————————

कैमूर जिले के कुदरा में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने और आपत्तिजनक नारेबाजी के मामला में पुलिस ने चौबीस नामजद सहित एक सौ पचास अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं, पटना जिले के आलमगंज थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गये। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर, सीतामढ़ी जिले के मेजरगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान तनाव उत्पन्न करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने परिवहन मंत्री से जिले में स्वतंत्र रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटर वाहन निरीक्षक की नियुक्ति किये जाने का अनुरोध किया है। सांसद के अनुसार जिला परिवहन पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में रहने के कारण वाहन मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

———————————————————————————

अरवल जिले के करपी हाई स्कूल परिसर में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मनरेगा के तहत बनने वाले खेल मैदान की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी पंचायतों में एक–एक खेल मैदान बनाया जायेगा।

———————————————————————————

आईसीसी महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के एक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने दुबई में पाकिस्तान को चौवन रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ग्रुप ए से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है। इसके साथ ही भारतीय टीम इस प्रतियोगिता से बाहर हो गई है। भारत दो जीत और दो हार के साथ चार अंक प्राप्त करके ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रहा।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बहाली से जुड़ी खबरों को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बिहार में रिक्तियां खंगालेंगे विभागों के नोडल अफसर।

दैनिक जागरण ने खेल से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– एशियन वीमेंस हॉकी चैंपियंस ट्राफी गौरव यात्रा का शुभारंभ।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– फुटकर महंगाई दर पांच दशमलव चार नौ प्रतिशत पर, सबसे ज्यादा दाम बिहार में बढ़े।

प्रभात खबर ने लिखा है– कनाडा के छह राजनयिकों को भारत ने निकाला।

आज अखबार लिखता है–डारोन, साइमन और जेम्स को मिला अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– झारखंड में आईएएस व मंत्री से जुड़े लोगों के ठिकानों पर ईडी के छापे।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन और इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे।

02. राज्य सरकार प्रदेश में डाल्फिन के संरक्षण के लिए मानव बल की बहाली करेगी।

03. प्रदेश में सुदूरवर्ती इलाकों के युवाओं को रोजगार देने के लिए नवादा, मधुबनी और सुपौल समेत नौ जिलों में अठारह से उनतीस अक्टूबर तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

04. और, प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के शिक्षक किसी अन्य कार्य के लिये नहीं होंगे प्रतिनियुक्त। शिक्षा विभाग ने जारी किये दिशा– निर्देश।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।